ASSIGNMENT 14

Translate the following sets of sentences into English.

[I]

1. बच्चे के लिए दूध नहीं था।
2. दोपहर का वक्त था।
3. एक समस्या है।
4. सुबह दौड़ना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।
5. मेज पर चार सेब हैं।
6. दूत को मार डालना शर्मनाक बात थी।
7. अकाल के बाद खतरनाक दंगे होंगे।
8. रविवार तक दिल्ली पहुँचना जरुरी है।
9. सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे थे।
10. उनका वादा सुन लेना ही मेरे लिए काफी होगा।

[II]

1. अभी रात के ग्यारह बजे हैं।
2. विद्युत आपूर्ति में कोई समस्या है।
3. यहाँ बहुत अँधेरा है।
4. घर में मोमबत्तियाँ नहीं हैं।
5. अच्छा होगा यदि तुम मुझे एक टॉर्च दो।
6. विद्युत आपूर्ति में कल रात भी समस्या थी।
7. बहुत डरावना था।
8. घर में कोई नहीं था।
9. अच्छा है आज मैं अकेला नहीं हूँ।
10. डरने की कोई जरुरत नहीं।